तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024

11 शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में विशेष श्रृंगार चांद ...



12 असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई ...





## खबर संक्षेप

### मित्र मंडल ने दुर्गा समितियों के प्रमुखों का किया सम्मान



**कसडोल।** इस वर्ष भी मित्र मण्डल समिति कसडोल द्वारा पंडाल लगाकर माता रानी के विसर्जन कार्यक्रम में सम्मिलित सभी श्रद्धालुओं के लिए खादय सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही नगर में विराजित मां दुर्गा समितियों के प्रमुख को नवरात्रि के सफल क्रियान्वयन के लिए मंच के माध्यम से मित्र मण्डल समिति के अध्यक्ष नागेश्वर साहू द्वारा पुष्पहार गुलाल और नारियल से स्वागत सम्मान किया।

### जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी भरत डडसेना ने 6 अक्टूबर के कार्यक्रम के दौरान बाधा डालने के लिए थाना बसना में आवेदन दिया था, जिस पर 8 अक्टूबर को आरोपी विजय पटेल प्रार्थी के दुकान में आकर उसके वृद्ध पिताजी को धमकाते हुए कहने लगा कि तेरे लड़के को समझा दे उसने मेरे खिलाफ थाना में रिपोर्ट किया है, अगर आवेदन को वापस नहीं लेगा तो तुम्हारे खानदान को जान से मरवा देंगे। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### बाइक चोरी के दो मामले

**महासमुंद।** जिले के सांकरा और खल्लारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइक चोरी के दो मामले सामने आए हैं। पहले मामले में हेमसागर दास ने सांकरा थाना में बताया कि 12 अक्टूबर की शाम 6 बजे दुर्गा पूजा करने अपने मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी 06 जीबी 0896 से श्याम नगर दुर्गा पूजा करने गया था। पूजा कर वापस आकर देखा तो गाड़ी नहीं थी। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। इसी तरह खल्लारी पुलिस को महासमुंद निवासी पूनम साहू ने बताया कि 9 अक्टूबर को अपने मोटर सायकल होंडा सीडी 110 क्रमांक सीजी 06 जीपी 8655 से खल्लारी माता मंदिर दर्शन के लिए गया था। अपने मोटर सायकल को खल्लारी हाई स्कूल के सामने नारियल दुकान के बगल में खड़ी कर दर्शन हेतु गया था। रात्रि करीबन 11.30 बजे वापस आकर देखा तो मोटर सायकल उक्त स्थान पर नहीं थी मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### रिकवरी का काम करने वाले के साथ मारपीट

**महासमुंद।** रिकवरी का काम करने वाले युवक से दो लोगों ने मारपीट की घटना में सिटी कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 28 मौहारीभांठा निवासी हिरेंद्र सोनी श्रीराम फायनेंस में रिकवरी का काम करता है। 12 अक्टूबर की शाम करीबन 5 बजे रिकवरी हेतु सितलीनाला के पास गया, जहां वार्ड नंबर 13 महासमुंद निवासी राम अवतार ध्रुव उर्फ बल्ला और नयापारा महासमुंद निवासी बलराम तांडी आए और प्रार्थी को मेंरे से वसूली कर लेगा कहते हुए शराब लाने के लिए कहा, जब प्रार्थी ने मना कर दिया तब दोनों गाली गलौज करते हुए धक्का-मुक्की कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी।

# 9 माह में 1816 प्रसव सामान्य और 462 सिजेरियन का बना रिकार्ड

## 161 नवजातों को एसएनसीयू में भर्ती कर विशेष देखभाल भी की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास सतत रूप से जारी हैं। जिला अस्पताल में इस वर्ष जनवरी 2024 से माह सितंबर तक 9 माह में कुल 1816 सफल प्रसव कराए गए हैं। उक्त प्रसव में से 1354 सामान्य प्रसव तथा 462 सिजेरियन शामिल हैं। साथ ही साथ सिजेरियन में आकस्मिक और पूर्व नियोजित दोनों ही सम्मिलित हैं। सिविल सर्जन डॉ. केके टेम्भूरने ने बताया की अस्पताल में तीन स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिता वर्मा, डॉ. करुणा रूपरेला तथा डॉ. प्रीति बाला धृतलहरे के साथ कुशल प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ अपनी सेवा देते हैं। यहां आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रसव कक्ष स्थापित है। प्रसव के बाद नवजात शिशु के देखभाल हेतु विशेष एस एन सी यू भी स्थापित है। कुल प्रसव में 161 बच्चों को उक्त एसएनसीयू में भर्ती कर उनकी विशेष देखभाल भी की गई। ग्राम खैरा से माह सितंबर में अपनी 23 वर्षीय पत्नी को प्रसव पीड़ा पर जिला अस्पताल लेकर आएं नोहर पटेल ने बताया गया कि फिटल डिस्ट्रेस की स्थिति है जिसमें भ्रूण तक ऑक्सीजन पहुंचने में दिक्कक्त होती है और बच्चे की धड़कन बढ़ती है। ऐसे में ऑपरेशन के माध्यम से प्रसव हुआ, जिसमें मां और बच्चे दोनों ही अभी स्वस्थ हैं। इसी प्रकार प्रोलांग लेबर (देर तक प्रसव पीड़ा ) की स्थिति में आये हुए गिरौदपुरी के पास स्थित ग्राम खोसड़ा के रहने वाले महेंद्र पैकरा ने बताया कि 28 वर्षीय उनकी पत्नी को प्रसव पीड़ा काफी देर से हो रही थी, जिस कारण जिला अस्पताल लेकर आये तथा यहां ऑपरेशन के माध्यम से प्रसव हुआ।




### सभी सुविधाएं निःशुल्क

अस्पताल में दवाई और अन्य सुविधाएं निःशुल्क प्राप्त हुई। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार जिला अस्पताल एन क्यू ए एस प्रमाण पत्र धारी संस्था है, जिसे उच्च गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के कारण यह प्रमाण पत्र राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन के बाद प्राप्त हुआ है। अस्पताल में प्रसव की इस सुविधा को लगातार बेहतर से बेहतर करने का प्रयास जारी है जिससे आम जनता को इसका लाभ प्राप्त हो सके। तीन स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के अतिरिक्त नर्सिंग स्टाफ श्यामा भारती, सरिता रानी पटेल, ज्योत्सना स्वांन्सी आरती एक्का, सोनिया भारती, रुक्मणि टंडन, भारती यादव, पद्मनी कन्नौजे अपनी सेवाएं प्रसव में देती हैं।

## कार्रवाई : ग्राम केसदा के फार्महाऊस में डंप कर रखा था

# 34 लाख की शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम केसदा के फार्महाउस में रविवार को पुलिस ने बड़े पैमाने पर शराब बरामद की।फार्महाउस के दो कमरों की तालासी लेने के दौरान पुलिस के होश उड़ गए। पहले कमरे की तलाशी में 108 पेटी और दूसरे की तलाशी में 424 पेटी शराब मिली। कुल 532 पेटी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कीमत लगभग 34 लाख आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में 3 युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

मिली जानकारी के अनुसार हथबंद पुलिस को रविवार की रात मुखबीर से सूचना मिली की ग्राम केसदा के एक फार्महाउस में भारी मात्रा में शराब डंप की गई है। जिसे दशहरा पर्व के बाद दिवाली से पहले बिक्री करने के लिए आसपास इलाकों में सप्लाई की जाएगी। एसडीओपी भाटापारा एश्वर्य चंद्राकार के नेतृत्व में निरीक्षक केसी दास, सहायक उप निरीक्षक हरिप सोना, प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार, आरक्षक भुवन वर्मा, सतीश वर्मा, रूपेश, प्रवीण वर्मा, उमाशंकर, प्रदीप, संतोष साहू एवं लोरिक शांडिल्य की टीम ने योजना बनाकर ग्राम केसदा में घेराबंदी कर संबंधित फार्महाउस में दबिश दी। इस बीच पुलिस टीम को फार्महाउस के पहले कमरे की तलाशी में 80 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब एवं 28 पेटी देसी मदिरा मसाला शराब, कुल 108 पेटी शराब मिला। इसी प्रकार दूसरे कमरे की तलाशी लेने पर 424 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब मिली। इस प्रकार 504 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब और 28 पेटी देसी मदिरा मसाला सहित कुल 532 पेटी शराब का जखीरा बरामद करने में सफलता मिली। जब्त शराब की कीमत लगभग 34,30,000 आंकी गई है। शराब मध्य प्रदेश में निर्मित होना पाया गया है, जिसमें फॉर सेल इन मध्यप्रदेश लिखा हुआ है। इस मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है, जिसमें सूरज यदु 55 साल निवासी ग्राम केसदा थाना हथबंद, लक्ष्मीनाथ यदु 19 साल निवासी ग्राम केसदा थाना हथबंद और बरातू यादव 55 साल निवासी ग्राम केसदा थाना हथबंद को गिरफ्तार किया गया है।






### जब्त शराब नकली और मिलावटी होने की आशंका

जानकारी के अनुसार बीती रात ग्राम केसदा से बिलाड़ी मार्ग में स्थित सरजू बाड़ी के मकान से पुलिस ने 504 पेटी गोवा तथा 28 पेटी देशी मसाला कुल लगात लगभग 35 लाख रुपए को हथबंद पुलिस ने जब्त किया है। इस छापामार कार्रवाई में मकान मालिक सरजू यदु एवं किराएदार बरातू को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है। वहीं पुलिस ने कई बोरियों में देशी मसाला शराब के एम पी होलोग्राम का रेपर शीशी का ढक्कन सील लगाने के मशीन व अनेक सामान भी बरामद किया है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि यहां नकली व मिलावट शराब बनाने का गोरखधंधा चल रहा था। उक्त कारोबार में क्षेत्र के बड़े शराब तस्करों की भूमिका होने की आशंका है। यह बताना आवश्यक है कि हथबंद सहित केसदा, रिंगनी, खिलोरा, सीतापार, डोंगरिया, कुकराचुंदा मोहभठ्ठा एवं अन्य ग्रामों में वर्षो से अवैध शराब का बड़ा कारोबार फल फूल रहा है। इस बारे में हमेशा समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित होते रहे हैं, जिससे शराब माफियाओं के गुर्गों द्वारा एक पत्रकार पर प्राणघातक हमला भी किया जा चुका है। क्षेत्र में नकली व मिलावटी शराब का जखीरा बरामद होना यकीनन पुलिस विभाग के लिए सराहनीय है। वहीं थाना प्रभारी कैलाश चंद्र दास ने इस तरह की कार्रवाई आगे और करने की बात कही है। गौरतलब हो कि अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए ही नागरिकों की विशेष मांग पर हथबंद में पुलिस थाने की स्थापना की गई, किंतु इस तरह के अवैध कारोबार पर अंकुश न लगना या फिर माफियाओं पर कार्रवाई करने का साहस नहीं जुटा पाना पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है।इस संबंध में थाना प्रभारी केसी दास से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने व्यस्तता की बात कहते हुए जानकारी देने से मना कर दिया।

■ मकान मालिक सरजू व किराएदार बरातू पुलिस हिरासत में



## सामान्य सभा की बैठक अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

जनपद पंचायत के सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक जनपद पंचायत सिमगा की अध्यक्ष वीणा आडिल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे की अध्यक्षता प्रारंभ हुई, जिसमें विभागीय अधिकारी-कर्मचारी द्वारा सदस्यों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत निक्षा मित्र द्वारा टीबी के मरीजों को पोषण आहार वितरण के लिए प्रेरित करने के लिए गठित करने की जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना एवं विभागीय जानकारी सदस्यों को दी गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी सहित जल संसाधन विभाग, जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल योजना के तहत निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने की निर्देशित किया गया। उक्त बैंठक में विशेष रूप से सदस्य विवेक अग्रवाल, (उपाध्यक्ष) जनपद पंचायत सिमगा, लव डोंगरे, अनुविभागीय अधिकारी यांत्रिकी (ग्रामीण) पीताम्बर मानिकपुरी, ओम प्रकाश साहू, श्रेष्ठ संभरकर, महिला एवं बाल विकास विभाग उपस्थित थे।

## चोरी की स्कूटी बरामद, आरोपी युवक 24 घंटे में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहर पुलिस ने सूने मकान में चोरी करने वाले एक आरोपी को रिपोर्ट के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने सुभाष वार्ड स्थित मकान से एक स्कूटी की चोरी किया था। आरोपी से चोरी की होंडा डीओ स्कूटी वाहन क्र. सीजी 22 जे 0706 बरामद की गई है।प्रार्थिया ने शहर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि 6 अक्टूबर को घर में ताला लगाकर पूरे परिवार सहित रायपुर गए हुए थे, 11 अक्टूबर को पड़ोसी ने फोन कर बताया गया कि, आपके घर का दरवाजा खुला है। बताने पर हम सभी लोग वापस घर आए तो देखे ▶▶ शेष पेज 11 पर



## स्कूल में शिक्षक नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई की चिंता को लेकर धरने पर बैठे पालकगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकासखंड के लिमउगुड़ा में पालकों ने शिक्षक की कमी को लेकर स्कूल में तालाबंदी कर दिया। पालकों का कहना हैं कि लगातार विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पास शिक्षक की कमी को लेकर तीन लिखित आवेदन दिया गया। लेकिन, शिक्षक की व्यस्था नहीं की गयी। जिसके कारण पालकों ने ताले बंदी कर धरने पर बैठ गए। पालकगण व ग्रामीण कई बार विकासखंड शिक्षा अधिकारी को लिखित मांग पत्र दे चुके। लेकिन, सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा। ग्रामीणों ने बताया कि उनके आक्रोश का कारण शिक्षा विभाग की लापरवाही है, जहां शिक्षक के ना होने से उनके बच्चों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न हो रही है।



## बीच-बचाव करते युवक पर चाकू से हमाल, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बीचबचाव करने पहुंचे युवक पर दो लोगों ने चाकू से वार करके घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार प्रार्थी सुशांत पांडे निवासी कमल कॉ लो नी ब लौ दा बा जा र द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि शनिवार की रात्रि 10 बजे गार्डन चौक दुर्गा में डिगेश ध्रुव को कुछ लड़के मारपीट कर रहे थे। वहां जाकर उसके द्वारा बीच–बचाव किया गया। इसी बीच आरोपी टेकराम और दीपक द्वारा तुम कौन होते हो बीच बचाव करने वाले, बोलकर अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। आरोपियों द्वारा अपने पास रखे एक धारदार चाकू से गंभीर वार किया गया, जिससे मेरे पीठ और जांघ में गंभीर चोट लगने के साथ बहुत खून बहने लगा। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 296,115(2),351(2),109, 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ मारपीट करके जान से भी मारने की दी धमकी



आरोपी

### पुलिस की मुस्तैदी

प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों टेकराम ध्रुव 22 वर्ष निवासी अंबेडकर भवन के पीछे सिविल लाइन बलौदाबाजार तथा दीपक यादव 20 वर्ष निवासी जनपद कार्यालय के पीछे वैष्णव कॉलोनी बलौदाबाजार को हिरासत में लिया है।

## पति-पत्नी के बीच अक्सर चरित्र को लेकर विवाद होते था

# चरित्र पर संदेह पत्नी की हत्या, पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

ग्राम जुनवानी निवासी युवक ने चरित्र संदेह पर पत्नी की हत्या कर फरार हो गया। पिता को हत्या की जानकारी मिलने पर थाने पहुंचा और बेटे की करतूत पुलिस को बताया। पुलिस ग्राम गिधपुरी-जुनवानी के बीच पत्थर खदान पहुंची, जहां महिला मृत अवस्था में मिली। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

थाना प्रभारी प्रवीण मिंज ने बताया कि आजूदास पिता असईदास रात्रे 60 वर्ष साकिन तेलासी थाना गिधपुरी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरा लड़का धीरज रात्रे कि शादी 9 वर्ष पूर्व बलौदाबाजार भैंसा पसरा निवासी ज्योति रात्रे से हुई थी, जिनके 03 बच्चे हैं। पति-पत्नी के बीच अक्सर चरित्र संदेह को लेकर झगड़ा विवाद होते रहता था, जिसके चलते बहू ज्योति रात्रे छोटे बच्ची को लेकर करीब 4 माह अपने मायके में थी, फिर वापस घर आयी 1 माह हुआ था, बहू ज्योति ने मायके में अपने बहनों के साथ वीडियो बनायी थी, जिसे देखकर धीरज रात्रे बहू से झगड़ा विवाद करता था। सोमवार सुबह करीबन 9 बजे बहू को उसके मायके छोड़ने के लिए अपने मोटर सायकिल डिलक्स क्रमांक सीजी 22 यू 7915 से बहु के साथ निकला, करीब सुबह 10 बजे गांव के लोगों ने मुझे बताया कि धीरज ने अपनी पत्नी ज्योति रात्रे की जुनवानी पुराना पत्थर खदान के पास हत्या कर दिया है, वहीं पास में एक कैंची, टूटा हुआ हथौड़ी पड़ी है, जो खून से सनी है। वहीं पर उसकी मोटर सायकिल और सामान पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।



### दो बाइक में भिड़ंत, एक की मौत दूसरा फरार

गिधौरी। भटगांव-सारंगढ़ मार्ग पर ग्राम कुम्हारी और खपरीडीह के बीच कुम्हारी पेट्रोल पंप के पास सोमवार सुबह लगभग 8. 30 बजे दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें बजाज प्लेटीना सीजी 11 बीएफ 5055 बाइक के चालक मृतक पिंटु आदित्य पिता आदित्य 20 वर्ष ग्राम मडकड़ी थाना बिलाईगढ़ की मौके पर मौत हो गई। दूसरी बाइक एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 06 जी ई 9539 के चालक घटना के बाद अपना बाइक छोड़कर कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही गिधौरी पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है और गिधौरी पुलिस फरार बाइक चालक की पतासाजी में जुटी है।



हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# बूढ़ापारा धरनास्थल पर बना रहे वेंडिंग जोन, 12 वेंडरों को मिलेगा स्पेस, निर्माण पर ऐतराज

## रायपुर स्मार्ट सिटी ने वेंडिंग जोन बनाने राघव एसोसिएट्स को दिया ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम ने बूढ़ातालाब के सामने पुराने धरनास्थल और जब्बार नाला के पास वेंडिंग जोन बनाने ऑनलाइन टेंडर राघव एसोसिएट्स को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया है। अनुबंधित एजेंसी इन दिनों पुराने धरनास्थल के पास वेंडिंग जोन बनाने के काम में जोर-शोर से जुट गई है। यहां पर 12 पंजीकृत वेंडरों को वेंडिंग जोन में स्पेस दिया जाएगा। 10 बाई 10 आकार के वेंडिंग कॉर्ट किराए पर दिए जाएंगे। इसका किराया अभी तय नहीं हुआ है। जोन-4 की वेंडिंग कमेटी इसका किराया तय करेगी। वहीं कचरा डंपिंग जोन के पास वेंडिंग जोन बनने से पहले ही इसका विरोध शुरू हो गया है।

राजधानी के सड़कों पर ठेले-गुमटियों में कारोबार करने वाले छोटे व्यापारियों के लिए नगर निगम शहर में दर्जनभर स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने जा रहा है। इनमें से 2 स्थान बूढ़ापारा में पुराने धरनास्थल और मोवा इलाके में जब्बार नाले के पास वेंडिंग जोन बनाने एजेंसी तय की गई है। एजेंसी को 3 माह समय वेंडिंग जोन बनाने दिया गया है। संबंधित एजेंसी ने बूढ़ातालाब के सामने स्थित पुराने धरनास्थल पर वेंडिंग जोन बनाना शुरू दिया है। वेंडिंग जोन में 12 पंजीकृत वेंडरों को सुरक्षित रूप से आजीविका चलाने स्मार्ट वेंडिंग कॉर्ट किराये पर दिए जाएंगे। प्रति कॉर्ट एक लाख रुपए का खर्च अनुमानित है। अरविंद दीक्षित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन चंद्राकर ने कहा, बूढ़ातालाब के सामने पुराने धरनास्थल वाली जगह पर वेंडिंग जोन बनाने की कोई तुक नहीं है। कचरे की बदबू से लोगों का सांस लेना मुश्किल हो रहा है। इससे लोगों की सेहत प्रभावित होगी। वहां प्रॉपर पार्किंग स्पेस नहीं है, इसलिए लोग गाड़ियां सड़क पर खड़ी करेंगे, ऐसे में ट्रैफिक जाम की समस्या फिर से शुरू हो जाएगी।

### निर्माण से पहले विरोध के स्वर

सदर-विवेकानंद वार्ड पार्षद डॉ. सीमा-मुकेश कंदोई का कहना है, पहले वहां से नगर निगम एसएलआरएम सेंटर हटाए, बाद में वेंडिंग जोन बनाए, क्योंकि धरनास्थल के पास नगर निगम का कचरा डंपिग जोन बना है, जहां पर रोजाना 100 से अधिक गाड़ियां शहरभर का कूड़ा-करकट लेकर डंप करने आती हैं। ऐसी जगह पर वेंडिंग जोन बनाना जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ है। डंपिग जोन से उठने वाली बदबू इतनी ज्यादा रहती है कि कोई वहां बैठ भी नहीं सकता। वेंडिंग जोन के बाजू में खाने-पीने वालों के बैठने के लिए शेड बना रहे हैं, वहां बैठकर लोग खाना खाएंगे तो वायरस उड़कर सीधे खाद्य सामग्री में मिलेगा। इसलिए यहां वेंडिंग जोन का कोई औचित्य नहीं है। सभापति प्रमोद दुबे के कक्ष में जब वेंडिंग कमेटी की बैठक हुई, तब मैंने इसका विरोध भी किया था।



## खबर संक्षेप



### कार्यकर्ताओं को बांटी साड़ी

**रायपुर।** महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड-43 के पार्षद जितेंद्र अग्रवाल का जन्मदिन उनके कार्यालय में समस्त कार्यकर्ताओं एवं वार्डवासियों ने केक काटकर मनाया। इस अवसर पर पार्षद ने सभी महिला कार्यकर्ताओं को भेंट स्वरूप साड़ी वितरित की। कार्यक्रम में वार्ड की सभी महिला कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

### बाबा सिद्दीकी ने छग में किया था कांग्रेस का प्रचार

**रायपुर ।** महाराष्ट्र के दिवंगत एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी का छत्तीसगढ़ रायपुर से भी सियासी नाता रहा है। विधानसभा चुनाव-2023 और लोकसभा चुनाव-2024 में उन्हें रायपुर की अहम जिम्मेदारी कांग्रेस ने सौंपी थी। रायपुर कांग्रेस प्रभारी बनाए जाने के बाद बाबा सिद्दीकी रायपुर से कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे, जहां चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। वे चुनाव के दौरान सितंबर और नवंबर में रायपुर आए थे। इस दौरे के दौरान स्थानीय नेताओं के साथ बैठक भी की थी। छत्तीसगढ़ मुंबई में महाराष्ट्र के राजनेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनको गोली लगने के बाद मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

### केंद्र से तीन टीमें आएंगी, एक साथ शहर में करेंगी सर्वे

# शहर में मुक्कड़ और सफाई की मैदानी कसरत देखने आ रही टीम, लेगी फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए केंद्रीय टीम अगले माह रायपुर आएगी। गारबेज फ्री सिटी यानी मुक्कड़ मुक्त शहर और खुले में शौच की प्रवृत्ति की धरातल पर जांच करने अलग-अलग टीमें सर्वे करने उतरेंगी। इसके अलावा वाटर प्लस श्रेणी के लिए सर्वे होगा, यानी 3 टीमें एक साथ शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर शहर के सफाई की धरातल पर स्थिति का पता लगाएगी। इसमें पब्लिक फीडबैक शहर की सफाई का पैमाना तय करेगा। 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले देश के 4337 शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर यह प्रतिस्पर्धा है, जिसमें रायपुर शहर को टॉप टेन शहर में लाना निगम प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है।

केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के तीसरे चरण का सर्वे करने केंद्रीय टीम नवंबर माह में रायपुर आ सकती है। तीसरा राउंड स्वच्छता रैंकिंग के हिसाब से काफी अहम माना जा रहा है। इस बार गारबेज फ्री सिटी, ओडीएफ डबल प्लस और वाटर प्लस श्रेणी में मूल्यांकन करने 3 टीमें शहर में सर्वे करने अलग-अलग हिस्सों में जाएंगी। महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने रायपुर शहर को देश का नंबर वन स्वच्छ शहर बनाने सफाई विभाग के साथ मिलकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार स्वच्छता रैंकिंग में कुल 9500 अंक रखे गए हैं। जो अलग-अलग श्रेणी में तय मापदंड के हिसाब से दिए जाएंगे। इसमें सर्विस लेवल प्रोवाइड पर 5705 अंक, सर्टिफिकेशन पर 2500 अंक, पब्लिक फीडबैक श्रेणी में 1295 अंक रखे गए हैं। अब तक हुए देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर शहर ने देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी धाक बरकरार रखी है, उसे देश के नंबर वन स्वच्छ शहर होने का तमगा मिला हुआ है।

**पब्लिक फीडबैक श्रेणी, 1295 अंक तय**





■ 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले देश के 4447 शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर प्रतिस्पर्धा

### वाटर प्लस सिटी श्रेणी में बढ़ सकते हैं नंबर


देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग के लिए होने वाले तीसरे चरण के सर्वे में वाटर प्लस श्रेणी में इस बार रायपुर शहर को ज्यादा अंक मिल सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, खारुन नदी में नाले व नालियों के गंदा पानी जाने से रोकने 3 अलग-अलग स्थानों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना के साथ ही उपचारित जल के दोबारा उपयोग को लेकर वाटर प्लस श्रेणी में अंक बढ़ सकते हैं। इसके साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और सकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड में शहरभर से एकत्र कूड़े-करकट का वैज्ञानिक निष्पादन किए जाने पर अलग से अंक मिलेंगे। साथ ही वायु प्रदूषण रोकने के लिए रोड स्वीपिंग मशीन से शहर की सड़कों की सफाई पर केंद्रीय टीम अंक देगी।

### दो दर्जन मुक्कड़ निगम के लिए बड़ी चुनौती

गारबेज फ्री सिटी के लिए होने वाले केंद्रीय सर्वे में नगर निगम के लिए सबसे बड़ी चुनौती शहर के अलग-अलग क्षेत्र में स्थित दो दर्जन मुक्कड़ हैं। जहां लोग आज भी रोजाना गीला और सूखा कचरा बेहिचक डंप कर रहे हैं। जोन स्तर पर न तो शहर को मुक्कड़ मुक्त बनाने इसके लिए ठोस प्रयास किए गए, न ही निगम मुख्यालय से इसकी पहल हुई। विदित हो कि शहर के मध्य स्थित नगर निगम जोन-2 क्षेत्र में सबसे ज्यादा 5 मुक्कड़ इसमें शामिल हैं।

# प्रायवेट कॉलेजों में एमबीबीएस की 67, बीडीएस की 275 सीटें खाली, मॉपअप एडमिशन 16 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ दोनों पाठ्यक्रम मिलाकर सरकारी कॉलेजों में 26 सीटें बाकी

हरिभूमि फॉलोअप

दो दौर की काउंसिलिंग के बाद निजी कॉलेजों में एमबीबीएस की 67 और बीडीएस की 275 सीटें खाली हैं। मॉपअप राउंड में संस्था चयन की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और मेरिट लिस्ट के बाद एडमिशन 16 अक्टूबर से प्रारंभ किया जाएगा। दोनों पाठ्यक्रमों में सरकारी कॉलेजों में कुल 26 सीटें बाकी हैं।

विभिन्न अड़चनों के बीच चिकित्सा शिक्षा विभाग एमबीबीएस और बीडीएस के एडमिशन की प्रक्रिया पूरी करने में जुटा हुआ है। दो राउंड के बाद भी निजी कॉलेजों में दोनों पाठ्यक्रमों की बड़ी संख्या में सीटें बाकी हैं। इसमें एमबीबीएस एडमिशन को लेकर अभी चर्चा में आए एनआरआई कोटे की 10 सीटें भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 45 सीटें मैनेजमेंट कोटे की हैं, जिसमें एडमिशन के लिए अक्सर मोटी फीस वसूले जाने की चर्चा होती रहती है। निजी मेडिकल कॉलेजों में राज्य कोटे की महज दर्जनभर सीटें शेष हैं। इसी तरह सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की केवल पांच और शासकीय डेंटल कॉलेज में 21 सीटें खाली हैं। निजी दंत महाविद्यालयों में 275 सीटों पर एडमिशन का काम पूरा किया जाना है, जो बड़ी चुनौती है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के शेड्यूल के अनुसार च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 15 को मेरिट लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा और 16 से 21 अक्टूबर तक एडमिशन का काम पूरा किया जाएगा। इसके बाद जरूरत हुई तो स्ट्रे राउंड भी आयोजित किया जाएगा।

### भवन निर्माण का भूमिपूजन



**रायपुर।** रमन मंदिर वार्ड में इंदिरा आवास कॉलोनी के शिव मंदिर गार्डन के पास सांसद निधि से भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूर्व सांसद सुनील सोनी और रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने किया। सांसद निधि से सुनील सोनी ने नागरिकों की मांग पर 5 लाख रुपए की स्वीकृति दी थी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद सूर्यकांत राठौड़, मोहन एंटी, गोरेलाल नायक, अरविंद जैन, विष्णु नामदेव, धनेश साहू, केदार यादव, बृजेश रावत सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# प्रबंधन की सख्ती के बाद ऑक्सीजन प्लांट की मरम्मत हर माह बचेंगे 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




■ दो साल से बंद पड़ा था प्लांट, गंभीर मरीजों के लिए खरीदनी पड़ रही ऑक्सीजन

■ ब्लैक लिस्ट करने और एफआईआर की धमकी के बाद हरकत में आई एजेंसी

ब्लैक लिस्ट करने तथा एफआईआर कराने की सख्त हिदायत देने के बाद संबंधित ठेका एजेंसी ने डीके अस्पताल के बिगड़े ऑक्सीजन प्लांट को सुधारने का काम शुरू कर दिया है। जल्द ही अस्पताल के प्लांट में बनने वाली ऑक्सीजन की मदद से गंभीर मरीजों को राहत मिलने लगेगी। साथ ही प्रबंधन को हर महीने 15 लाख रुपए की बचत होगी, जिसे ऑक्सीजन खरीदने में खर्च किया जा रहा है।

डीके अस्पताल के पास अपने खुद का ऑक्सीजन प्लांट है, जिसके माध्यम से वह अपने मरीजों को कोरोनाकाल में ऑक्सीजन देकर राहत पहुंचा रहा था, साथ ही अन्य अस्पतालों को भी ऑक्सीजन सप्लाई की जा रही थी। तकरीबन दो साल पहले इस प्लांट में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। प्लांट को सुधारने का काम सीजीएमएससी के माध्यम से एक एजेंसी को दिया गया और उसे दो बार करीब 66 लाख रुपए का भुगतान ऑक्सीजन प्लांट को सुधारने के लिए दिए गए, मगर प्लांट शुरू नहीं हो पाया था। अस्पताल प्रबंधन इस समस्या को दूर करने के लिए पत्र व्यवहार के साथ हर महीने करीबन 15 लाख रुपए ऑक्सीजन की व्यवस्था पर खर्च कर रहा था, जो अब तक जारी है। महीनेभर पहले मामले की जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों तक पहुंची तो संबंधित एजेंसी को ब्लैक लिस्ट कर मामले में एफआईआर कराने के निर्देश जारी किए गए। एजेंसी पर इस चेतावनी का तत्काल असर हुआ और उसने प्लांट का काम फिर से शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में प्लांट से उत्पादित ऑक्सीजन से यहां भर्ती मरीजों को राहत मिलने लगेगी और इस पर खर्च होने वाली बड़ी राशि की भी बचत प्रबंधन को होगी।

### कंडम न हो जाए दूसरा प्लांट

कोरोनाकाल के दौरान अस्पताल भवन के पिछले गेट की ओर पीएम केयर फंड से एक लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था। महामारी खत्म होने के बाद भी यह शुरू नहीं हो पाया, उल्टे देखरेख के अभाव में यह झाड़ियों के बीच दबकर रह गया है। इस प्लांट के उपयोग के लिए अनुमति मांगने की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हो पाई है।

### जल्द मिलेगी सुविधा

बंद प्लांट की मरम्मत का काम संबंधित एजेंसी पूरा कर रही है। जल्द ही इससे मिलने वाली ऑक्सीजन का उपयोग मरीजों के इलाज के लिए किया जाएगा।

**- डॉ. हेमंत शर्मा,** उप अधीक्षक, डीके अस्पताल

### 49 लाख रुपए की जियो लाइट

जानकारी के अनुसार, प्लांट के रखरखाव के लिए करीब 17 लाख रुपए दिए गए थे। इसके बाद प्लांट में लगने वाली जियो लाइट के लिए 49 लाख रुपए भुगतान किया गया था। संबंधित एजेंसी ने यह उपकरण तो लगाया, मगर इसकी क्षमता इतनी कम थी कि प्लांट नियमित रूप से ऑक्सीजन तैयार नहीं कर पा रहा था। मजबूरन अस्पताल प्रबंधन को दूसरी एजेंसी ने ऑक्सीजन खरीदनी पड़ रही थी।

■ सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानीवासियों को दी सौगात

# पहाड़ी तालाब, छुईहा तालाब के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार को पहाड़ी तालाब और छुईहा तालाब के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया। नगर निगम द्वारा 15वें वित्त आयोग मद से 2 करोड़ 88 लाख रुपए में तालाब गहरीकरण, 3 घाटों का निर्माण, ऑक्सीजोन, योग एरिया सहित 5 मुख्य द्वार बनाने का कार्य कराया गया है।

पं. सुंदर लाल शर्मा वार्ड स्थित पहाड़ी तालाब के सौंदर्यीकरण और शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 93 लाख रुपए खर्च कर तालाब गहरीकरण, स्टोन पीचिंग, पाथवे, लाइटिंग सहित विविध सौंदर्यीकरण कार्य कराए गए हैं। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इन 2 तालाबों को सुंदर स्वरूप में विकसित कराने के बाद शहरवासियों को इसकी सौगात दी। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, सभापति प्रमोद दुबे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, पार्षद मृत्युंजय दुबे, चंद्रपाल धनगर, पार्षद सरिता वर्मा, सरिता दुबे, उत्तम साहू, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व जोन अध्यक्ष सालिक सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा, अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, रायपुर स्मार्ट सिटी के सीओओ उज्जवल पोरवाल, नगरीय प्रशासन संचालनालय तकनीकी प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता राजेश शर्मा, निगम के मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, जोन कमिश्नर विमल शर्मा, रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, अंशुल शर्मा, स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक तकनीकी पंकज कुमार पंचायती सहित आमजन उपस्थित रहे।

■ नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मृत्युंजय दुबे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा रहे मौजूद

# एक्सप्रेस ट्रेनों में नवंबर से चार जनरल कोच की सुविधा, भीड़ से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन की दर्जनभर से अधिक ट्रेनों में रेलवे प्रशासन नवंबर माह से जनरल कोच की संख्या बढ़ाने जा रहा है, जिससे जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों को भीड़ से थोड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में जोन की एक्सप्रेस ट्रेनों में सामान्य कोच की संख्या 2 से 3 है, जबकि रेलवे के नियमानुसार ट्रेनों में 6 जनरल कोच होने चाहिए, लेकिन रेलवे ने कोरोना के बाद से कोच घटा दिए थे। अब फिर से कोच जोड़ने की कवायद की जा रही है। बता दें कि जनरल कोच में जगह नहीं मिलने पर यात्री स्लीपर कोच में जबरिया चढ़ते हैं। इसके कारण आए दिन विवाद भी होता है, जिसे ध्यान में रखते हुए एक-एक कोच बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इन ट्रेनों में पहले से एक-एक जनरल कोच है, जो ट्रेन के आगे व पीछे जुड़ते हैं। दो अतिरिक्त कोच ट्रेन के इसी हिस्से में जोड़े जाएंगे।

मंडल में अभी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, एर्नाकुलम एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस, चेन्नई एक्सप्रेस समेत आठ ट्रेनें एलएचबी कोच के साथ दौड़ रही हैं। अतिरिक्त कोच इन्हीं में जोड़ने की तैयारी है। इस माह के अंत तक कुछ ट्रेनों में कोच जुड़ जाएंगे और बाकी ट्रेनों में नवंबर तक कोच जोड़ने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

■ आगे और पीछे के हिस्से में होंगे दो-दो जनरल कोच

■ दो महीने पहले रेलवे ट्रेनों में कोच लगाने की कर चुका है घोषणा, नवंबर से जुड़ जाएंगे नए कोच




### इन ट्रेनों में फिलहाल नहीं लगेंगे कोच

बिलासपुर से वैसे तो लगभग 17 ट्रेनें छूटती हैं, पर अभी कुछ ट्रेनें पुराने नीले रंग के कोच से चलती हैं। इनमें अभी चार जनरल कोच की सुविधा लागू नहीं होगी। हालांकि आगामी दिनों में यह भी एलएचबी कोच के साथ चलेंगी। रेलवे का यह निर्णय है कि सभी ट्रेनों को एलएचबी कोच से चलाकर यात्रियों राहत दी जाए। जिन ट्रेनों में एलएचबी कोच नहीं है, उनमें बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस, बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस आदि ट्रेनें शामिल हैं।

# भूमि स्वामित्व में परिवर्तन, उत्तराधिकार और अन्य राजस्व संबंधी मामले अब रीडर की आईडी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजस्व न्यायालय की प्रक्रियाओं में सुधार और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब राजस्व न्यायालय में प्राप्त होने वाले अ-6 और अ-27 आवेदनों की एंट्री, नामांतरण पंजी में दर्ज करने की सुविधा रीडर आईडी के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। यह बदलाव न केवल आवेदन प्रक्रिया को अधिक सुचारू बनाएगा, बल्कि न्यायिक कार्यों की गति को भी बढ़ाएगा।

### क्या है अ-6 और अ-27 आवेदन

अ-6 और अ-27 आवेदन, राजस्व संबंधी कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज होते हैं। इन आवेदनों के माध्यम से भूमि स्वामित्व में परिवर्तन, उत्तराधिकार और अन्य राजस्व संबंधी मामले दर्ज किए जाते हैं। नामांतरण के मामलों में अ-6 आवेदन का उपयोग किया जाता है, जबकि अ-27 आवेदन किसी विशेष आदेश के आधार पर दाखिल होता है। इन आवेदनों की एंट्री नामांतरण पंजी में दर्ज होने के बाद ही राजस्व अभिलेखों में संशोधन किया जाता है।

■ पहले यह काम तहसीलदार की आईडी से होता था

■ अब काम में आएगी तेजी, लंबित मामले भी निपटेंगे




फाइल फोटो

### रीडर आईडी से एंट्री की नई सुविधा

पहले इन आवेदनों की एंट्री केवल कुछ अधिकृत अधिकारियों द्वारा ही की जाती थी, जिसके कारण प्रक्रिया में विलंब होता था। अब रीडर आईडी के माध्यम से यह कार्य आसानी और शीघ्रता से किया जा सकेगा। रीडर न्यायालय में काम करने वाला एक महत्वपूर्ण कर्मचारी होता है, जो न्यायालय की प्रक्रियाओं को संभालता है और दस्तावेजों का प्रबंधन करता है। रीडर आईडी को एंट्री की सुविधा देने से न केवल न्यायालय के कामकाज में तेजी आएगी, बल्कि लंबित मामलों को भी तेजी से निपटाया जा सकेगा।

### इस बदलाव के लाभ

प्रक्रिया में तेजीः रीडर आईडी के माध्यम से नामांतरण पंजी में अ-6 और अ-27 की एंट्री की सुविधा से आवेदन प्रक्रियाएं तेजी से पूरी होंगी। इससे लंबित मामलों की संख्या में कमी आएगी और किसानों तथा भूमि मालिकों को समय पर न्याय मिलेगा। डिजिटल एंट्री की सुविधा से नामांतरण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सकेगा। रीडर आईडी से एंट्री होने पर प्रत्येक कदम का रिकॉर्ड रखा जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की गलती को आसानी से पकड़ा जा सकेगा।

# प्रदेशभर में 20 से कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और उपचुनाव से पहले कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को चार्ज करने जा रही है। 20 अक्टूबर से कांग्रेस का विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन शुरू होगा। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। अब कार्यकर्ताओं की निराशा दूर करने के लिए प्रदेशभर में सम्मेलन किए जाएंगे, ताकि आने वाले निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को रीचार्ज किया जा सके। कांग्रेस नगरीय निकाय चुनाव से पहले अपने कार्यकर्ताओं को मजबूत और एक्टिव करना चाह रही है। दो चुनावों में मिली निराशा के बाद कार्यकर्ताओं में पार्टी फिर से जोश भरना चाहती है।

■ कार्यकर्ताओं को मोटिवेट करेंगे पायलट और बैज

### जीतने वाले प्रत्याशी को ही देंगे टिकट

रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने जानकारी देते हुए कहा, दक्षिण विधानसभा में कांग्रेस 20 अक्टूबर को कार्यकर्ता सम्मेलन करेगी। बाहरी प्रत्याशियों की दावेदारी को लेकर उन्होंने कहा, कांग्रेस में सभी को टिकट मांगने का हक है। राजनांदगांव और अन्य स्थानों के नेताओं ने भी टिकट मांगा है, लेकिन टिकट किसी एक को दिया जाएगा और जीत की क्षमता देखकर ही टिकट देंगे।

## खबर संक्षेप



### मेंटल हेल्थ कैंप में 35 मरीज मिले

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम व डॉ. सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में मेंटल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जहां 35 मरीजों को निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। शिविर में डॉ नारायण साहू बीएमओ, लोकेश प्रधान आरएमए, ढोलचंद नायक बीपीएम, जिला चिकित्सालय स्पर्श क्लीनिक से रामगोपाल खूंटे, टेकलाल नायक आदि का सहयोग रहा।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 19 को

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा इस वर्ष 19 अक्टूबर शनिवार को पूरे छत्तीसगढ़ प्रांत में एक साथ आयोजित होगी। यह परीक्षा कक्षा 5वीं से लेकर महाविद्यालय स्तर तक सभी 9 स्तरों में कक्षा अनुसार अलग-अलग आयोजित होगा। परीक्षा 11:30 से 1 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट सभी विकासखंड में विद्यालयों के लिए वितरण किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जुड़े सभी परिजनों एवं संस्था प्रमुखों से निवेदन है कि अपने अपने क्षेत्र / संस्था के लिए प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट प्राप्त कर लें एवं संस्था को दिए गए परीक्षा कोड का उत्तर पुस्तिका में उल्लेख करते हुए परीक्षा संपन्न करेंगे। वर्ष महासमुंद जिले में 11000 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग ले रहे हैं। परीक्षा में प्रत्येक स्तर में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आकर्षक प्रमाण पत्र दिया जाएगा। यह जानकारी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी आशीष साहू एवं भारत साहू ने दी है।

### अपराजिता वी क्लब की हुई बैठक

**महासमुंद।** जयसवाल भवन में अपराजिता वी क्लब महासमुंद द्वारा एरिया विजिट का मीटिंग रखा गया। जिसमें सबसे पहले ध्वज वंदन कर राष्ट्रगान किया गया। इस बैठक में विगत तीन माह से क्लब द्वारा किए गए गतिविधियों की जानकारीयां दी गई तथा आगामी की जाने वाली कार्यक्रम की चर्चा की गई। कार्यक्रम में अपराजिता वी क्लब के सभी सदस्यों द्वारा भारत रत्न स्वर्गीय रतन टाटा को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से वी ऐश्वर्या तिवारी, वी निरंजना चंद्राकर, वी राज ठाकुर, अध्यक्ष वी ममता जैसवाल, सचिव वी कामिनी चंद्राकर तथा वी मीना चंद्राकर सहित क्लब के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### स्कूटी चोरी करने...

कि घर के सामने गेट का ताला टूटा हुआ था एवं के घर अंदर पोर्च में रखा एक पुरानी होंडा डीओ नहीं थी, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा331(4), 305(ए) बीएनएस पंजीबध्द विवेचना में लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज की सहायता से शक्ति वार्ड निवासी 27 वर्षीय अजय राठौर उर्फ एक्का को हिरासत में लिया। उससे गहन पूछताछ करने पर उसके द्वारा स्कूटी चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल में प्रस्तुत किया, जहां उसे जेल भेज दिया है।

### बीचबचाव करने पर...

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपियों ने पूछताछ पर प्रार्थी एवं डिगेश ध्रुव से मारपीट करना एवं अपने पास रखे धारदार चाकू से वारकर गंभीर रूप से चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में दोनों आरोपियों को रविवार गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

---

शरद पूर्णिमा पर घर समेत चौक-चौराहों पर बनाई जाएगी खीर

# शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में विशेष श्रृंगार चांद की रोशनी में बनेगी खीर, औषधि भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आश्विन शुक्ल पक्ष पर बुधवार को शहर में चावल की खीर बनाकर शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। नवरात्रि के बाद मंदिरों में पूर्णिमा को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। रात्रि 12 बजे भगवान की विशेष पूजा-अर्चना कर भोग लगाया जाएगा, जिसके बाद लोगों को प्रसाद वितरण करेंगे। शहर में परंपरा अनुसार घर समेत चौक-चौराहों में चंद्रमा की रोशनी के अमृत वर्षा के लिए रखा जाएगा। पंचांग के अनुसार, आश्विन माह के पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 16 अक्टूबर को रात्रि 08 बजकर 40 मिनट पर होगी।

वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन 17 अक्टूबर को शाम को 04 बजकर 55 मिनट पर होगा। इस दिन चंद्रोदय शाम को 05 बजकर 05 मिनट पर होगा। महामाया मंदिर में लगभग 30 किलो दूध से खीर व रबड़ी बनाई जाएगी। पुजारी ने बताया कि 11 बजे माता का विशेष श्रृंगार किया होगा, जिसके बाद 12 बजे से महाआरती होगी। माता को खीर का भोग लगाने के बाद प्रसाद भक्तों को वितरित करेंगे। अगले दिन सुबह भी भक्तों को खीर का प्रसाद दिया जाएगा। इसके अलावा शहर के प्राचीन मंदिरों में भी खीर बनेगी।

### फूलों से जुगलजोड़ी का करेंगे श्रृंगार

पुरानी बस्ती स्थित दूधाधारी मठ में भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा के बाद भक्तों को खीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस दौरान भगवान का विशेष श्रृंगार की तैयारी है। देर रात तक भगवान के दर्शन करने मंदिर मठ खुला रहेगा। महाआरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद में खीर दी जाएगी।इसके अलावा टाटीबंध के इस्कॉन मंदिर, समता कालोनी के राधाकृष्ण और खाटू वाले श्याम बाबा व जवाहर नगर के राधाकृष्ण मंदिर में जुगलजोड़ी सरकार का विविध फूलों से मनमोहक श्रृंगार के बाद चंद्रमा की रोशनी में रखी खीर का भोग लगाया जाएगा।



### गायत्री शक्तिपीठ में आयुर्वेद पद्धति से बनाऐगी खीर

शरद पूर्णिमा के अवसर पर समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में आयुर्वेद पद्धति से खीर बनाई जाएगी। गायत्री परिवार के आयुर्वेद जानकार का कहना है कि शरद पूर्णिमा को रात में खीर खाने का अधिक महत्व होता है। इस दिन औषधियुक्त खीर बनाई जाती है। जो आम लोगों की विभिन्न बीमारियों से रक्षा करती है। इस तरह के खीर सेवन से महिलाओं को स्वास्थ्यगत समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

### अस्थमा और दमा मरीजों को बांटी दवा

रामकृष्ण जनसमूह ट्रस्ट द्वारा लाखेनगर में अस्थमा और दमा मरीजों को दवा बांटकर शरद पूर्णिमा मनाई जाएगी। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष जड़ी-बूटी युक्त दवाओं का वितरण किया जाता है। रात्रि 9 बजे मंडली द्वारा भजन कृर्तन कार्यक्रम शुरू होगा, जो देर रात 12 बजे तक जारी रहेगा। इस दौरान आम लोगों को जड़ी-बूटियों से मिश्रित खीर के साथ कमरदर्द, पीलिया, श्वांस, दमा, पथरी, बेमची समेत अन्य बीमारियों से निजात दिलाने निशुल्क प्रसाद वितरित होगा। सालों से शहर में यह परंपरा चली आ रही है।

### कालीबाड़ी में माता लक्ष्मी की पूजा

बंगाली समाज में कालीबाड़ी स्थित मंदिर में शाम 7 बजे लक्ष्मी माता की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद रात में खीर बनाकर वितरित की जाएगी। मंदिर के सदस्य ने बताया कि बंगाली में दीपावली के दिन होने वाली पूजा शरद पूर्णिमा के दिन भी की जाती है। इस दिन से माता लक्ष्मी घर में पधारती हैं। पूजा का भी विशेष महत्व होता है। मंदिर के अलावा शहर में बंगाली समाज के घरों में पारंपरिक रंगोली व माता की विशेष पूजा होगी।

## ज्योतिष सम्मेलन में देशभर से पहुंचे विद्वतजन



**रायपुर।** अम्लेश्वर स्थित श्री महाकालधाम में रविवार को विराट ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ में अपनी तरह का ऐसा आयोजन दूसरी बार हुआ, जो ज्योतिष मनीषियों के लिए ऐतिहासिक और सार्थक साबित हुआ। इस विराट ज्योतिष सम्मेलन में देशभर के सभी विख्यात ज्योतिषी, वास्तु शास्त्री, आचार्य, महामंडलेश्वर और महंत शामिल हुए। कार्यक्रम में पहले भगवान महाकाल का राजसी श्रृंगार किया गया। फिर महाकाल की आरती पुण्य मुहूर्त में हुई। इसके बाद देश के सभी हिस्सों से पधारे विद्वानों ने अपने व्याख्यान और शोधपत्र पढ़े। टैरो कार्ड रीडर आकांक्षा ने भविष्यवाणी की कि देश की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी, मगर तनाव बना रहेगा। मोदीजी आगे भी अपने पद पर बने रहेंगे। वही डॉ. राजेश ताम्रकार ने कहा कि, राहु एक अद्भुत ग्रह है, जातक को जबरदस्त लाभ दे सकते हैं। जबलपुर से आए डॉ. सुनील दुलहानी ने कहा कि सनातन वैदिक ज्योतिष को सामान्य जातकों के समाधान के पांच ही मार्ग हैं। मंत्र, जप, दान, स्वाध्याय, सत्संग और यज्ञ। ज्योतिष और ज्योतिषियों को इसका दृढ़ता से पालन करना चाहिए। वहीं डॉ. शिखा पांडे ने अंगारक दोष, पितृदोष, चांडाल दोष पर गंभीर और सारगर्भित बातें बताईं और कहा कि इन दोषों की विधिवत शांति करा लेनी चाहिए। महाकाल धाम अम्लेश्वर के पं. प्रियाशरण त्रिपाठी इस सम्मेलन के बारे में चर्चा की।

*ज्योतिषियों का हुआ सम्मान : इस भव्य और दिव्य आयोजन में देश के विख्यात ज्योतिषियों को ज्योतिष भास्कर, ज्योतिष शिरोमणि, ज्योतिष सम्राट और ज्योतिष भूषण की उपाधि से सम्मानित किया गया। साथ ही कर्मकांड के प्रखर विद्वानों को संत, राजर्षि, देवर्षि तथा ब्रह्मर्षि की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।*

## आरडीए कॉलोनी में सात सौ परिवारों के लिए खतरा बने प्राइवेट कॉलोनी के टीसी मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में बिजली व्यवस्था के लिए केबल को जहां अंडरग्राउंड किया जा रहा है। वहीं आउटर इलाके बोरियाखुर्द की आरडीए कॉलोनी में रहने वाले सात सौ परिवारों के लिए टेम्परेरी कनेक्शन यहां-वहां खींचे गए केबल से अभी तक राहत नहीं मिली है। आरडीए कॉलोनी के बिजली पोल में लटकाए गए टीसी मीटर हटाने के लिए कई बार शिकायत करने पर भी सुधार नहीं हो रहा है। इसे हटवाने के लिए कॉलोनीवासियों ने कई बार बिजली कंपनी के अधिकारियों को आवेदन दिए, लेकिन समाधान नहीं किया गया है।

राजधानी के बोरियाखुर्द में आरडीए ने बहुमंजिला कॉलोनी बनाने के बाद फ्लैट को सात सौ परिवारों को हैंडओवर किया है। जहां रहने वाले परिवारों के लिए विगत पांच साल से कॉलोनी के पास स्थित एक प्राइवेट कॉलोनी में रहने वाले 50 परिवारों को टेम्परेरी बिजली कनेक्शन दिए गए हैं। यहां आरडीए द्वारा लगाए गए बिजली खंबों पर दर्जनों मीटर लटके हैं। सर्विस तार को भी काफी नीचे से कॉलोनी तक ले जाया गया है। इससे आने-जाने वाले लोगों



को भी करंट का खतरा सताने लगा है। कई बार अचानक केबल टूटकर गिरने से लोग बाल-बाल बचे हैं। इसके बाद भी स्थाई विकल्प नहीं किया गया है। कॉलोनी के रहवासी अशफाक दानी, सुभाष विश्वकर्मा और जमाल खान ने इस मामले को लेकर कई बार बिजली महकमे में शिकायत की है।

### हमें जानकारी नहीं

जिस कॉलोनी की समस्या बता रहे हैं। वहां के लोगों द्वारा अगर शिकायत की गई है तो उसे को संज्ञान में लिया जाएगा। हालांकि इस तरह की शिकायत मेरी जानकारी में नहीं है।

*- जेएस नेताम, मुख्य अभियंता सीएसईबी, रायपुर*

## सिंधी काउंसिल : छत्तीसगढ़ युवा विंग की नई कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष सीए रवि ग्वालानी की टीम की घोषणा की

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की युवा विंग छत्तीसगढ़ इकाई ने आगामी सत्र के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष सीए रवि ग्वालानी की टीम की घोषणा की, जो अपनी नेतृत्व क्षमता से संगठन को और शक्तिशाली बनाएगी। नवघोषित कार्यकारिणी में राज्य अध्यक्ष सीए रवि ग्वालानी, महासचिव गौतम रेलवानी, कोषाध्यक्ष नरेश पंजवानी, सह-कोषाध्यक्ष डॉ. निखिल मोतीरमानी, यूथ मेंटर सुनील वाधवा को बनाया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष आशीष वासवानी, संदीप थौरानी, विनय नागदेव, अमित जगवानी, सनी कुकरेजा, मनीष थारानी, जय केशवानी, जय कुमार रेलवानी, गौरव पंजवानी, धीरज जसवानी, राज्य सचिव अविनाश खेतपाल, सुरेश वासवानी, भीष्म नारायण हबलानी, अमित मंधान, रितेश रंगलानी, दिनेश तरवानी, राजकुमार मनवानी, विकेश डोडई, गोविंद सचकपूर, जीतेंद्र मंगतानी, मीडिया वाट्स एप रोशन आहूजा, मीडिया सोशल बाबू खेमानी, मीडिया प्रेस और अन्य जतिन नचरानी और विशेष आमंत्रित सदस्य विक्रम मंधान, मनीष राजपाल, विक्रम तलरेजा, मुकेश मोटवानी, हिमांशु माखीजा, गौरव सिहानी, विजय झाम्बिया, मोहित विद्धानी आदि शामिल हैं।

## पुण्य के उदय से प्राप्त होता है साधु का दर्शन : मुनिश्री विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जैन मंदिर विवेकानंद नगर में जारी चातुर्मास प्रवचन

श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में आत्मोल्लास चातुर्मास-2024 की प्रवचनमाला जारी है। रविवार को महामंगलकारी शाश्वत नवपद ओली की आराधना का पांचवा दिन रहा। पांचवे दिन साधुपद की आराधना की गई। ओजस्वी प्रवचनकार मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी ने कहा कि साधु का दर्शन भी पुण्य के उदय से प्राप्त होता है। यदि साधु का दर्शन हो गया और साधु द्वारा नवकार मंत्र कान में पड़ गया तो जीवन सुधर जाएगा और आने वाला भव भी सुधर जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि नवपदजी भगवंत को एक श्रेणी में रख दिया जाए तो आज का दिन जो



है, वह नवपदजी के केंद्र में विराजमान साधुपद है, आज साधुपद की आराधना का दिन है। अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और फिर साधुपद आता है, लेकिन साधुपद ही है, जो आगे जाकर उपाध्याय पद प्राप्त करता है। इसी तरह क्रमशः आगे बढ़ सकता है। उपाध्याय पद की जड़ ही साधु है। ऐसे ही सभी पद प्राप्त करने के लिए सबसे पहले साधु बनना पड़ता है। मुनिश्री ने कहा कि सिद्ध भगवंत भी बनना है तो साधु बनकर साधना करनी पड़ेगी। भगवान महावीर स्वामी, भगवान ऋषभदेव भी सबसे पहले साधु ही बने। साधु बनकर ही कोई भी ऊपर तक पहुंच सकता है।

## नशामुक्ति के लिए छात्रों ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

युवाओं को नशा से बचाने नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम के माध्यम से कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।




सोमवार को नगर पंचायत लवन स्थित नवोदय विद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9वीं से 12 वीं के लगभग 374 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। सरकार इन पीड़ित को नशे के चंगुल से छुड़ाने के लिए नशामुक्ति अभियान चलाती है। गौरतलब है कि मादक पदार्थों के सेवन की समस्या से निपटने और भारत को नशामुक्त बनाने के उददेश्य से 15 अगस्त 2020 को नशामुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई। इसके तहत देश में नशीली दवाओं के उपयोग के मामले में सबसे अधिक संवेदनशील 272 जिला की पहचान की गई। इस अवसर पर मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल, सखी वन स्टॉप सेंटर सुश्री तुलिका परघनिया, समाज शिक्षा संगठक फिरित राम पटेल, सहित समाज कल्याण विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री साय ने कहा- कांग्रेस पार्टी फ्यूज बल्ब की तरह

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा भारतीय जनता पार्टी को आतंकवाद की पार्टी कहने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी फ्यूज बल्ब की तरह है। आज सबको मालूम है कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी थी, जो एक समय एकछत्र राज करती थी। उन्हीं के प्रधानमंत्री और उन्हीं के मुख्यमंत्री सभी प्रदेशों में होते थे। आजादी के 75 वर्षों में अधिकांश समय उन्होंने राज किया, लेकिन उनकी गलत नीतियों, शोषण, भ्रष्टाचार के कारण देश की जनता का ये लोग विश्वास खो चुके हैं। ये पार्टी आज सिकुड़ती जा रही है और यह लोग कुछ भी बोल रहे हैं। इसका कोई अर्थ निकालने वाला नहीं है। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव सट्टा एप के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी पर मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार करप्शन के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। आप लोग देख रहे हैं कि यहां पर जो भी पिछले समय में घोटाले हुए, चाहे वह कोयला घोटाला हो, शराब घोटाला हो, डीएमएफ घोटाला हो या बालू घोटाला। आज उस पर कार्रवाई हो रही है। कई लोग जेल में हैं, जमानत पर हैं, जबकि कई लोग जेल जाने की तैयारी में हैं।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

## भाजपा का सदस्यता अभियान अब 31 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा का सामान्य सदस्य बनाने का अभियान दो दिन बाद 15 अक्टूबर को समाप्त होना है, लेकिन अब तक भाजपा 60 लाख सदस्य बनाने के लक्ष्य से 22 लाख दूर है। ऐसे में अब प्रदेश संगठन ने फैसला किया है कि सदस्यता अभियान को सक्रिय सदस्यता वाले अभियान के साथ-साथ 31 अक्टूबर तक चलाया जाए और लक्ष्य तक पहुंचा जाए। इस समय ऑफलाइन सदस्य बनाने पर भी फोकस किया जा रहा है। जिनके पास मोबाइल नहीं है, उनको फार्म भरकर सदस्य बनाया जा रहा है। ऑफलाइन दस लाख से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से सदस्यता अभियान के लिए तीन चरण तय किए हैं। पहला चरण 2 से 25 सितंबर और दूसरा 1 से 15 अक्टूबर और तीसरा चरण सक्रिय सदस्यता के लिए 16 से 31 अक्टूबर है। प्रदेश संगठन ने जहां पहला चरण यहां पर 2 अक्टूबर तक चलाया, वहीं अब दूसरे चरण की तारीख को भी बढ़ा दिया है। इसे बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण यह है कि लाख कोशिशों के बाद भी अब तक भाजपा के 60 लाख सामान्य सदस्य नहीं बन सके हैं। पहले यह लक्ष्य 50 लाख रखा गया था, लेकिन जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रायपुर आए और उन्होंने यहां पर सदस्य बनाने की रफ्तार देखी तो लक्ष्य को दस लाख बढ़ा दिया। लक्ष्य बढ़ने के कारण इस समय भाजपा लक्ष्य से 22 लाख दूर है। अब तक 38 लाख सदस्य बने हैं। 15 अक्टूबर तक यह आंकड़ा 40 लाख तक पहुंचने की संभावना है।

- सदस्य बनाने के लक्ष्य से 22 लाख दूर

### ऑफलाइन सदस्य भी बना रहे

*एक तरफ भाजपा का जहां मोबाइल से मिस्ड कॉल कर ऑनलाइन सदस्य बनाने का अभियान चल रहा है, वहीं अब ऑफलाइन सदस्य बनाने का काम भी किया जा रहा है। ऑफलाइन सदस्य सिर्फ उनको बनाया जा रहा है, जिनके पास कोई मोबाइल नहीं है। ऐसे लोगों से ऑफलाइन फार्म भरवाए जा रहे हैं। इसके बाद इनको सभी जिलों में ऑनलाइन भाजपा के पोर्टल में दर्ज किया जा रहा है। ऑफलाइन सदस्य बनाने का अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस समय तक 10 लाख से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य है। कुल मिलाकर 31 अक्टूबर तक 60 लाख का आंकड़ा पार करने की योजना पर काम हो रहा है।*

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मनीष ने बीएएमएस में किया टाप

**पलारी।** विकासखंड के ग्राम देवसुंद्रा निवासी मनीष वर्मा ने बीएएमएस अंतिम व्यावसायिक में शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय बिलासपुर में प्रथम स्थान प्राप्त कर कालेज में टाप किया है। उनकी इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कोमल वैष्णव ने उन्हें दुर्गा स्थल पर पेन डायरी भेंटकर सम्मानित किया। मनीष वर्मा के पिता मेघनाथ वर्मा माता बिमला वर्मा हैं। डॉ. वैष्णव ने बताया कि मनीष सभी कक्षाओं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होते रही। बीएएमएस की डिग्री हासिल करने वाले हमारे गांव का पहला छात्र है। ऐसे प्रतिभाशाली बच्चे को उनकी उपलब्धि पर रामखेलावन वर्मा, महेंद्र वैष्णव, मनीषा वर्मा, विजय यदु, योगेश धीवर, आदित्य वैष्णव, विजय साहू, कोमल वर्मा, कुलंजन वर्मा, हरि वर्मा, यादव वर्मा आदि ने बधाई दी।

### बाइक की टक्कर से दो लोग घायल

**महासमुंद।** जसगीत गाने जा रहे दो लोग बाइक की टक्कर से घायल हो गए। मामले में बसना पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को पुनीत राम निषाद पिता शौकीलाल निषाद निवासी पैता ने बताया कि 11 अक्टूबर की रात 7.30 बजे मेरे पिताजी शौकीलाल निषाद अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी06जीए3922 से गांव के निरधर सिदार के साथ बैठकर भंवरपुर जसगीत गाने के लिए जा रहे थे। रूपापाली तालाब के आगे में विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी06जीयू6749 के चालक ने अपने मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर शौकीलाल निषाद के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे उनके दाहिना पैर, दाहिना हाथ एवं एडी में तथा पीछे में बैठे निरधर सिदार के दाहिने पैर एवं दाहिने पैर के अंगुली में चोट आई है। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है

### छोटे भाई ने की मारपीट

**महासमुंद।** छोटे भाई द्वारा अपने बड़े भाई के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। तेंदूकोना थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस को डायमंड साहू पिता यशवंत साहू ने बताया कि पत्नी का स्वास्थ्य खराब होने से देखने के लिए 12 अक्टूबर को मेरे ससुर मनाराम साहू ग्राम भुरकोनी आए और बातचीत कर रहा था। उसी समय छोटा भाई टुकेश्वर साहू आया और गाली गलौज करने लगा, जब गाली गलौज करने से मना किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई का पर्व है दशहरा

## संडी और सीतापार के दशहरा में शामिल हुए विधायक संदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व पलारी क्षेत्र के ग्राम संडी व सीतापार में हर्षोल्लास से मनाया गया। इसमें विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि खिलेंद्र वर्मा, गोपी साहू, रोहित साहू, मनीष चंद्राकर, अश्वनी वर्मा, मिथलेश वर्मा, मुकुद वर्मा, गुलाब यदु मौजूद थे। इस अवसर पर रामलीला मंडली द्वारा रावण वध का मंचन कर बुराई के प्रतीक रावण का पुतला दहन किया गया। तत्पश्चात दशहरा उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा भव्य आतिशबाजी की गई। विधायक संदीप साहू ने कहा की यह पर्व असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई तथा अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है। हम लोग हर साल रावण का वध करते हैं, परंतु इस पर्व की सार्थकता तभी है, जब हम काम, क्रोध, मद, लोभ रूपी रावण, जो हमारे मन में है उसका वध करें उन्होंने आगे कहा कि हमे भगवान राम की विनम्र होकर दीन दुखियो का उदार मन सेवा करे यही सच्चा मानवता है और यही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। इस अवसर पर जोगी कन्नौजे,मनहरण ध्रुव,समारु ध्रुव,कुमुद वर्मा,छोटा वर्मा,अश्विनी वर्मा,वीरेंद्र माहेश्वरी,युवराज साहू,फुलचन्द बांधे,यशवंत बांधे, सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### दशहरा पर डांस प्रतियोगिता कल

**बिलाईगढ़।** सुतिउरकुली में रावण दशहरा के अवसर पर बुधवार 16 अक्टूबर को डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। प्रतियोगिता में आसपास क्षेत्र के प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगी, जिसमें विभिन्न प्रकार के नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे, जिसमें लोकनृत्य और आधुनिक नृत्य शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार, इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और लोगों के मनोरंजन के साथ-साथ सांस्कृतिक धरोहर को भी बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में विजेताओं को विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके साथ ही मेला और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी, जिससे इस दशहरा उत्सव का आकर्षण और बढ़ जाएगा।

## मंचन के अंतिम दृश्य ने लोगों का मन मोहा

# राज्याभिषेक और दानी मोरध्वज के मंचन पर दर्शक हुए भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के 105 वर्ष के मंचन के अंतिम 11वें दिवस भगवान श्रीराम की राजगद्दी एवं राम दरबार की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। वहीं राजगद्दी के पश्चात मार्मिक कथा पर आधारित दानी राजा मौरध्वज उर्फ शेर का भोजन की शानदार प्रस्तुति दी गई।

नाटक की प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया एवं राजा मौरध्वज एवं रानी तारावती के द्वारा अपने पुत्र को आरे से चीरने के मार्मिक दृश्य ने दर्शकों की आंखों से आंसू छलका दिए। राजा मौरध्वज के रोल में कोमल शर्मा, रानी धरमपाल सोनी, ताम्रध्वज हर्ष गुप्ता, कृष्ण में आयुष तिवारी, अर्जुन में अक्षत जोशी, युधिष्ठिर काव्यांश शर्मा, ड्योढ़ीवान लव शर्मा एवं बाल कलाकारों में लक्ष्य चौरसिया, शुभ केशरवानी, सागर जायसवाल अन्य किरदारों में नजर आए। आरती में लगभग 80 वर्ष पुरानी पंचायती मंदिर की सखी परिकर महिला समूह एवं सरयूपारी ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ की महिलाओं ने आरती की।

साथ ही भाटापारा एसडीएम नितिन तिवारी एवं भाटापारा शहर थाना टीआई परिवेश तिवारी ने भी भगवान की आरती की। एसडीएम एवं टीआई ने रामलीला के क्रियाकलाप एवं मुकुट का अवलोकन किया। एसडीएम ने कहा कि रामलीला को उसके मूल रूप में इतने लंबे समय तक करते हुए बच्चों द्वारा रामायण के चरित्रों का अभिनय करना रोमांचित करता है।







### रामलीला देख बचपन याद आया


भाटापारा शहर थाना टीआई परिवेश तिवारी ने कहा कि इस रामलीला को देखकर मेरा बचपन याद आ गया। बचपन में मैं भी रामलीला में लक्ष्मण का किरदार निभाता था। रामलीला समिति द्वारा पूर्वजों की फोटो कार्यालय में लगाकर उन्हें याद किया जाना भाव विभोर करता है कि रामलीला अपने पूर्वजों का सम्मान करती है। श्रीमती उषा, शांति भूषानिया, कविता शर्मा एवं संगीता चौरसिया ने कहा कि इतनी पुरानी संस्था मूल रूप से चलते हुए बाल कलाकारों द्वारा यह मंचन प्रसंसनीय है और उनके माता-पिता सरहानीय एवं पूज्यनीय है।

### रामलीला मंडली ने दशहरा का किया भव्य आयोजन

**सुहेला।** विजया दशमी पर राम लीला मंडली ने महामाया चौक में रामलीला रंगमंच में दशहरा पर्व का भव्य आयोजन किया। रामलीला मंडली ने रावण, कुंभकर्ण तथा मेघनाथ वध की लीला प्रस्तुत की। कार्यक्रम देखने ग्रामीणों में उत्साह और जोश देखने को मिला। कुंभकर्ण और मेघनाथ के वध के दृश्य ने सभी को रोमांचित कर दिया। अंत में 32 फीट का रावण के पुतले का दहन एक उत्सव की तरह मनाया गया। दशहरा पर्व पर ग्रामवासियों ने एक-दूसरे को सोनपत्ती भेंट कर शुभकामनाएं दीं। यह परंपरा कई पीढ़ियों से चली आ रही है और आज भी लोगों में इसे लेकर विशेष उत्साह है।



# रामचरितमानस में जीवन की सभी समस्याओं का है समाधान





हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

रविवार को रविवारीय राम कथा का आयोजन शिवरीनारायण मठ में किया गया। यह आयोजन प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को किया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास ने श्री रामचरितमानस एवं भगवान श्री रामचंद्र के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।


- शिवरीनारायण मठ में हुआ रविवारीय राम कथा का आयोजन

इस अवसर पर राजेश्री महन्त ने कहा कि रामचरितमानस में मानव जीवन के सभी समस्याओं का समाधान विद्यमान है। जिस तरह से हम किसी गणित को हल करने के लिए सूत्र का उपयोग करते हैं वैसे ही श्री रामचरितमानस के प्रत्येक दोहा और चौपाई हमारे जीवन की समस्याओं को सुलझाने के लिए सूत्र के समान कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि जब तक किसी व्यक्ति के बारे में कोई मांग नहीं की जाती, तब तक उसकी विशेषता का पता नहीं चल पाता। कार्यक्रम को दिनेश गोस्वामी, भगत राम साहू, गंगाराम केवट सहित अनेक मानस वक्ताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से मानस प्रवक्ता केपी साव, सीताराम डनसेना, कुंज राम कश्यप, पुनीराम साहू, कृष्ण कुमार कश्यप, शिवकुमार द्विवेदी, बिहारी लाल भारद्वाज तथा कार्यक्रम के आयोजक निरंजन लाल अग्रवाल त्यागी, सुखराम दास, निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रंगनाथ यादव ने किया।

# सामुदायिक मुखियाओं ने लिया प्रशिक्षण



**खरोरा।** पहल संस्था एवं भारतीय प्रतिष्ठान नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में संवैधानिक मूल्य पर सामुदायिक मुखियाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला एवं दलित वर्गों तथा पंचायती राज ग्रामसभा सशक्तिकरण करने, छत्तीसगढ़ के कला एवं संस्कृति का संरक्षण करने तथा दिव्यांगों के लिए समाज में सहज वातावरण निर्माण करने और विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में सतवीर कौर एवं चेतना संघ समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष मुन्ना नारंग उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत बुडेरा के उपसरपंच योगेश कुमार साहू, पूर्व जनपद सदस्य डीएल नारंग, मनोज कुमार सेन ग्राम पंचायत कोसरंगी से सुखदेव भारती उपस्थित थे।



# नपं अध्यक्ष ने हितग्राहियों को दुकान आवंटित किया

**पलारी।** पौनी-पसारी योजना अंतर्गत नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने हाट बाजार का आवंटन किया। विदित हो कि नगर पंचायत पलारी में पौनी पसारी योजना अंतर्गत 16 दुकान शेड निर्माण किया गया, जिसका आबंटन सोमवार को अध्यक्ष द्वारा हितग्राहियों को दुकान लगाने आवंटित किया गया। उक्त शेडों में सेलून, चूड़ी, दूध, सब्जी, फल, पूजा सामग्री, कपड़ा प्रेस की दुकान, जूस, लोहार दुकान, मोची दुकान एवं चाय नास्ता की दुकान लगाई जाएगी, जिससे उन्हें रोजगार के साथ अवसर मिलेगा। इस अवसर पर पार्षद ताजेन्द्र कनौजे, पार्षद प्रतिनिधि भूषण यादव, उप अभियंता अनिल कुमार वर्मा, महेंद्र वर्मा, इंद्रजीत सिंह ठाकुर, मनीष यादव, विमल यादव व समस्त दुकानदार उपस्थित थे।

*लोगों को घर के द्वार पर मिल रही चिकित्सकीय सुविधाएं*

# मोबाइल मेडिकल यूनिट पहुंच रहा गांव-गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार-सरसीवां





आरईसी फाउंडेशन प्रबंधन से मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश और सीएमएचओ डॉ. एफआर निराला के मार्गदर्शन में जिला सहित मैदानी व दूरस्थ अंचल के गांवों में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्य योजना (रूट मैप) तैयार कर जिले के दूरस्थ अंचल के ग्रामों में भेजा जा रहा है, जहां लोगों के लिए अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला ने बताया कि प्रत्येक एमएमयू वाहन में चिकित्सक, स्टॉफ नर्स, फर्मासिष्ट, लैब टेक्नीशियन उपलब्ध हैं। एमएमयू सभी सुविधाओं से लैस रहेगी, जिसमें लैब टेस्ट, दवा और उपचार की व्यवस्था है। विकासखंड में जनसंख्या के आधार पर सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के लिए 2-2 और बरमकेला के लिए 1 एमएमयू डॉक्टर आपके द्वार (डॉक्टर्स फॉर यू) सेवा कर रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने 7 अगस्त को इन पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) वाहन को कलेक्टोरेट सारंगढ़ में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

# अखंड ब्राह्मण समाज ने बैठक में दिखाई एकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति के दशहरा मिलन समारोह सोमवार को शिक्षक सदन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी भी उपस्थित थे।

उन्होंने बताया कि विप्र एकीकरण एवं समाज उत्थान हेतु कार्य करना है। उपरोक्त कार्यक्रम में पलारी बलौदाबाजार सहित आसपास के गांव के विप्र सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ विशिष्ट अतिथि सविता शर्मा, मल्लिका मिश्रा, श्वेता मिश्रा, लता पाण्डेय एवं पं. एसपी तिवारी ने द्वीप प्रज्ज्वलित एवं भगवान परशुराम के पंचोपचार पूजन और आरती से किया।

प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने लोगों को संगठित होकर विप्र एकीकरण एवं समाज तथा सनातन धर्म उत्थान हेतु कार्य करने के लिए आह्वान किया।

उन्होंने कहा बच्चों में बचपन से धर्म कर्म के संस्कार बोना चाहिए, संगठन में सर्व सम्मति से अखंड ब्राम्हण समाज पलारी कार्यकारी पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया, जिसमें तोषण चौबे मीडिया प्रभारी, मुख्य प्रकोष्ठ में अस्थाई रूप से रमा शंकर मिश्रा अध्यक्ष, दीनानाथ उपाध्याय संयोजक, पदमाकर मिश्रा उपाध्यक्ष, अनिरुद्ध मिश्रा सचिव व युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष भागवताचार्य पंडित राहुल पाण्डेय अध्यक्ष, सत्यनारायण शर्मा उपाध्यक्ष, दीपक तिवारी सचिव, नारीशक्ति प्रकोष्ठ फाल्गुनी मिश्रा एवं शीला शुक्ला संयोजक, यशप्रभा पांडेय अध्यक्ष, स्वेता देवी पाण्डेय उपाध्यक्ष ईश्वरी देवी तिवारी सचिव, रोशनी शर्मा सह सचिव के पद पर मनोनीत किया गया उपरोक्त अवसर पर ऋषभ चौबे, शिव कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे।

### विश्व हिंदू परिषद ने किया शस्त्र पूजन और पढ़ा दुर्गा चालीसा पाठ

**पलारी।** नगर के समस्त दुर्गा पंडाल में विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति द्वारा भव्य शस्त्र पूजन तथा दुर्गा चालीसा पढ़कर माता से आशीर्वाद मांगा और नगर व क्षेत्रवासियों के सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। शस्त्र पूजन की महत्ता इस धार्मिक आयोजन के दौरान शस्त्र पूजन विधिवत की गयी। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन मीना साहू के नेतृत्व में राजेश्वरी चंद्राकार, हेमलता कनौजे, पूर्णिमा चंद्राकार, विभा चंद्राकार, मीरा वर्मा, खुमेश्वरी वर्मा, ममता साहू, तनु साहू, पुष्पलता वर्मा का योगदान रहा। जसगीत गाने वाली बहनों का उपस्थिति विशेष रुप से गांधी चौक में उल्लेखनीय रही। विहिप के सह संयोजिका मीना साहू और हेमलता कन्नोजे ने दुर्गा पंडाल व गायत्री मंदिर में पुण्य श्लोका अहिल्या बाई होलकर के 300 शताब्दी जयंती के उपलक्ष्य में उनके जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने अहिल्या बाई होलकर के प्रेरणादायक जीवन की कहानियों को साक्षा करते हुए बताया कि किस तरह समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए कार्य किया।



